ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

# C

**CCE PR**
**NSR & NSPR**

Question Paper Serial No. **100**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Repeater / NSR & NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 01. 07. 2022 ] [ Date : 01. 07. 2022

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **10 × 1 = 10**

1. 'स्थिर' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) स्थिरता (B) स्थिति

   (C) अस्थिर (D) परिस्थिति ।

2. उसका नाम गिल्लू है ।

   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

   (A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

   (C) विस्मयादिबोधक (D) अल्प विराम ।

3. दुकानदार ने सेब लिफाफे .................... रखा ।

   (A) से (B) का

   (C) को (D) में ।

4. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) चादर (B) कपड़े

   (C) चीज़ (D) बात ।

5. 'पीना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) पीता (B) पिलवाना

   (C) पिलाना (D) पीला ।

6. 'सहानुभूति' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) व्यंजन (D) वृद्धि ।

7. निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास का उदाहरण है –

(A) जलप्रपात (B) राजवंश

(C) राजमहल (D) माता-पिता ।

8. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) लेखक (B) मयूरी

(C) पिता (D) श्रीमान ।

9. 'दोस्त' शब्द का समानार्थक शब्द है –

(A) प्रिय (B) दोस्ती

(C) मित्र (D) दुश्मन ।

10. 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) सुबह होना (B) रात होना

(C) शाम होना (D) दोपहर होना ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **5 × 1 = 5**

11. कालानाग : पर्वत : : गंगोत्री : ........... ...........

12. नागपुर : संतरा : : कश्मीर : .......................

13. चुगलखोर : बलराम : : भोला-भाला : .......................

14. प्रताप : छोटा भाई : : बसंत : .....................

15. कश्मीरी सेब : कहानी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **5 × 1 = 5**

16. आज की दुनिया कैसी है ?

17. कलामजी के बचपन में दुर्लभ वस्तुएँ क्या थीं ?

18. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

19. लेखक को कहाँ ठहराया गया ?

20. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

21. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

22. लेखक परसाईजी ने मंत्री को कैसे समझाया ?

23. गाजर के बारे में प्रेमचंदजी के विचार लिखिए ।

24. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

25. ई-गवर्नेन्स क्या होता है ?

26. नमाज की प्रासंगिकता के बारे में जैनुलाबदीन के विचार बताइए ।

27. तुलसीदासजी के अनुसार विपत्ति के सच्चे साथी कौन-कौन हैं ?

28. टाइटन का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ?

29. सत्य के बारे में शास्त्रों में क्या कहा गया है ?

**अथवा**

झूठ का सहारा लेने से क्या होता है ?

30. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह और उपग्रह कौन-सा है ?

**अथवा**

शनि ग्रह का वातावरण किन-किन गैसों से बना है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 11 × 3 = 33**

31. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।

32. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

33. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

34. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

35. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ?

36. अहमद जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।

37. कवि दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

38. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

39. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

40. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

41. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं । यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है । सचमुच इंटरनेट एक वरदान है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **3 × 4 = 12**

42. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताये ?

**अथवा**

गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

43. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ?

**अथवा**

कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

44. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................................

...........................................................

...........................................................

.............................................. भागो तुम ।

**VII. 45. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**5 × 1 = 5**

मनुष्य प्रकृति पर निरंतर प्रहार करता आ रहा है । अब उसका परिणाम सामने आया है । प्रकृति का विकोप बढ़ रहा है । जैसे, जल मालिन्य से जलचर मर रहे हैं । पानी पीने योग्य नहीं रह गया है । वायु मालिन्य के कारण 'अम्ल वर्षा' हो रही है । इससे साँस से संबंधित बीमारियाँ फैल रही हैं । अब आदमी की आँखें खुल गयी हैं । प्रदूषण को दूर करने के उपाय सोच रहा है । मनुष्य का स्वार्थ ही पर्यावरण के नाश के लिए मुख्य कारण है । वह अपने स्वार्थ के लिए प्राकृतिक संपत्ति का नाश कर रहा है । अनजान में मनुष्य अपनी कब्र खुद खोद रहा है ।

अ) जलचर क्यों मर रहे हैं ?

आ) 'अम्ल वर्षा' क्यों होती है ?

इ) आज मनुष्य क्या सोच रहा है ?

ई) पर्यावरण के नाश का मुख्य कारण बताइये ।

उ) मनुष्य अपनी ही कब्र कैसे खोद रहा है ?

VIII. 46. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 5 = 5**

क) **मोबाइल फोन : एक शिक्षा साधन**

* प्रस्तावना
* शैक्षणिक उपयोग
* जानकारी एकत्र
* उपसंहार ।

ख) **महँगाई**

* प्रस्तावना
* महँगाई के कारण
* महँगाई के परिणाम
* महँगाई दूर करने के उपाय
* उपसंहार ।

ग) **इंटरनेट**

* प्रस्तावना
* अर्थ
* लाभ
* प्रभाव
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

47. तीन दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए अनुमति व रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।